

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 16 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 11 सितंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

गलत काम में प्रिय से प्रिय व्यक्ति का भी साथ नहीं देना चाहिये - स्वामी रामभद्राचार्य

रामकथा के दूसरे दिन श्रोताओं का जनसैलाब उमड़ा, भगवान राम जनवरी में भव्य मंदिर में होंगे स्थापित

सिवनी यशोः- गलत व्यक्ति का कभी साथ नहीं देना चाहिये भगवान शंकर ने भी माता सती की गलत बात का न तो समर्थन किया और न ही उनका साथ दिया यह बात तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य जी ने सिवनी नगर के पालीटेक्निक ग्राउंड में चल रही दिव्य रामकथा के दूसरे दिन भगवान श्री राम के जन्म की कथा के पूर्व प्रसंग का वर्णन करते हुये कही।

कथा सुनाते हुए कथावाचक स्वामी रामभद्राचार्य जी ने कहा कि भगवान श्रीराम हर जगह विद्यमान है हर सांस में राम है ऊपर नीचे अगल बगल हर जगह राम की उपस्थित है राम सर्वज्ञ है और इस बात प संशय नहीं होना चाहिये। माता सीता के हरण के पश्चात जब भगवान श्रीराम नर लीला करते हुये माता सीता की खोज कर रहे थे तब भगवान शिव उनकी नर लीला को देखकर मंत्रमुग्ध हो रहे थे और उन्हें इस बात के लिये प्रणाम कर रहे थे कि सर्वज्ञ श्रीराम वन में पेड़ पौधों पशु पक्षियों लताओं से सीता जी के बारे में पूंछ रहे थे भगवान श्रीराम के सीता बिरह को माता सती भी देख रही थी परंतु भगवान शिव द्वारा जब उन्हे प्रणाम किया गया तो माता सीता ने कहा कि आप त्रिकालदर्शी होकर राज पुत्र को प्रणाम कर रहे है भगवान शंकर ने माता पार्वती को समझाया कि वह सर्वज्ञ सर्वज्ञानी जितेन्द्रीय है मेरे आराध्य उन पर किसी बात का प्रभाव नहीं होता वे नारायण है नर लीला कितनी कुशलता से कर रहे है यह मुझे सुंदर लग रहा है उन पर संशय करने नहीं करना चाहिये परंमाता सती ने भगवान शिव की बात नहीं मानी और माता सीता का रूप धारण कर भगवान श्रीराम की परीक्षा लेने पहुँच गयी परंतु भगवान श्रीराम ने माता सती का सत्कार करते हुये उन्हें प्रणाम किया और भगवान शिव के बारे में पूछा तो वे लज्जित होकर वापिस आयी।

कथाकार स्वामी रामभद्राचार्य जी ने कहा कि माता सती को भगवान शंकर ने ऐसा करने से मना किया था परंतु माता सती उनको भी साथ चलने कह रही थी जो भगवान शिव ने नहीं किया जिससे स्पष्ट है कि हमारा कोई कितना भी प्रिय व्यक्ति हो गलत काम में उसका साथ नहीं देना चाहिये।

रामकथा के दूसरे दिन कथा सुनाते हुये स्वामी जी ने कहा कि आज यहाँ जो कथा मेरे द्वारा की जा रही है यह 1377 वी कथा है और राम कथा मेरे जीवन का आधार है इस कथा के माध्यम से इस देश को हिन्दु राष्ट्रराष्ट्र बनाने का संकल्प है। जिसे देश का गौरव भगवान श्रीराम है वह किसी झोपड़ी में यो रहे उनके लिये उनकी जन्म स्थली में भव्य मंदिर के निर्माण के लिये पिछले पाँच सौ वर्ष से संघर्ष चल रहा था 76 वार युद्ध भी हुये परंतु अंत में जीत सत्य की हुई राम की हुई और यह मेरा सौभाग्य है कि मै इसमें मेरी भूमिका भी रही आगामी 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम अपने गर्भगृह में स्थापित होंगे और यह दिन हमारे लिये ऐतिहासिक होगा। श्रीराम कथा शुरू करने से पहले स्वामी रामभद्राचार्य के द्वारा घोषणा की गई कि 2024 में 12 से 20 जनवरी तक अयोध्या में 11 कुंडीय हनुमान महायज्ञ करेंगे। इसमें शामिल होने के लिए अग्रवनवासियों को कहा। यह एतिहासिक अवसर आ रहा कि जनवरी में ही रामलला भव्य मंदिर में विराजमान होंगे।

स्वामी राम भद्राचार्य जी ने कहा कि वे भाजपा को इसलिये अच्छा कहते हैं योकि भाजपा वाले उनकी बात सुनते है और संतो को` या चाहिये जो संत महात्माओं की बात सुने राम का काम करें वह प्रिय है।उन्होंने सनातन के विरोधियों को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि सनातन का विरोध करने वाले स्वयं समाप्त हो गये परंतु सनातन कभी समाप्त नहीं होगा।

रविवार को कथा में भारी जनसैलाब उमड़ा पतित पावनी रामकथा के साथ जय श्री राम के नारों से पंडाल गुंजायमान होते रहा है संगीतमय राम कथा में श्रोता भाव विभोर होकर कथा श्रवण कर रहे थे। कथा के आयोजक दिनेश राय मुनमुन ने सहित आमंत्रित अनेक समाज प्रमुखों के द्वारा कथाकार राम अनुरागी स्वामी रामभद्राचार्य जी की पदुका पूजन किया गया कथा में आरती के समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुसांगिक संगठन के प्रमुखों की उपस्थिती रही।

आज की यात्रा में केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर रहेंगे शामिल

सिवनी यशोः- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने सोमवार 11 सितंबर को सिवनी नगर मे आएंगे। यह यात्रा क नगर के प्रमुख मार्गो में भ्रमण (रोड शो) करेगी। केंद्रीय खेल, युवा मामले एवं सूचना प्रसारण मंत्री श्री ठाकुर इस दौरान सिवनी नगर के साथ ही बरघाट में भी सभा को संबोधित करेंगे। यात्रा के संभागीय संयोजक सांसद उदय प्रताप सिंह एवं सहसंयोजक अभिलाष पांडे भी इस यात्रा में शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी सिवनी जिले के जन आशीर्वाद यात्रा के संयोजक श्री अजय डागोरिया द्वारा दी गई है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं द्वारा समस्त कार्यकर्ताओं से इस जन आशीर्वाद यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने के लिए जुटने का आवाहन किया गया है।

विज्ञान का विश्व के विकास में सर्वाधिक योगदान- नितिन चौधरी

विभागीय विज्ञान/गणित प्रश्नमंच प्रतियोगिता स पन्न

सिवनी यशोः- सिवनी नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर भैरोगंज सिवनी में छिन्दवाड़ा सिवनी विभाग की गणित विज्ञान प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 17 विद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागी स मिलित हुये। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय व्यवस्थापक नितिन चौधरी के मु यातिथ्य एवं चुन्नीलाल बोपचे की अध्यक्षता में हुआ। विज्ञान विभाग प्रमुख श्री जितेन्द्र सोनी (प्राचार्य छपारा) एवं वैदिक गणित विभाग प्रमुख अशोक बागवान भी मंचासीन रहे।

अतिथि स्वागत एवं परिचय विद्यालय प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने दिया। इस विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में विज्ञान गणित प्रश्नमंच, विज्ञान मॉडल, गणित मॉडल, विज्ञान गणित पत्र वाचन आदि प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई। आयोजन में विज्ञान जिला प्रमुख श्री कृष्णमुरारी दुबे, श्री देवराज बांगरे, शिवकुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता आयोजन में विद्यालय परिवार के प्रकाश गुप्ता, प्रमोद सोलंकी, श्रीमती वीणा पांडे, श्रीमती अनीता बोपचे, अर्जुन बघेल, श्रीमती विभा परमार, सहित समस्त विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। स पूर्ण कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्ति ठाकुर दीदी ने किया।

अधिवक्ता चुनाव अधिसूचना जारी

सिवनी यशोः- जिला अधिवक्ता संघ सिवनी के होने द्विवर्षीय चुनाव सत्र 2023- 25 के लिए चुनाव अधिकारी एड. मुकेश अवाधिया जी व्दारा प्रत्याशियों के लिए अधिसूचना जारी की गई।

आयोग सदस्य दिव्या गुप्ता ने किया बाल सुधारालय का निरीक्षण

सिवनी यशोः- राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की बैंच में सदस्य डॉ दिव्या गुप्ता ने बाल सुधारालय सिवनी पहुंचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निवासरत बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन करने के साथ- साथ सुधारालय परिसर में स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की स्मृति में बनाए गए स्मृति कक्ष का अवलोकन किया तथा नेताजी की प्रतिमा में माल्यार्पण भी किया। इस अवसर में कले टर श्री क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश सिंह, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

सूर्यांश साहू जूनियर ने दतिया में अयोजित शालेय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर कांस्य पदक जीता

छपारा यशोः- स्पोर्ट्स कराटे डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी के खिलाड़ी सूर्यांश साहू जूनियर ने दतिया में अयोजित शालेय राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर कांस्य पदक जीतकर सिवनी जिले का नाम गौरवान्वित किया मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते प्रतियोगिता उज्जैन में मेघा प्रजापति ने गोल्ड मेडल अर्जित कर दोनो कराते खिलाड़ी विभागीय प्रशिक्षक नारायण सिंह प्रजापति से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हे मध्य प्रदेश रामशा के नोडल अधिकारी राजेंद्र सिंह तोमर हर्ष व्यक्त किया एवं प्रचार्य श्रीवास्तव सर कन्या उ.मा. विद्यालय छपारा प्रचार्य रहमतकर सर सी. एम राईज पी. टी.आई सिरीश तिवारी सर कादिर खान महाविद्यालय छपारा सभी अभिभावक गण समस्त खेल प्रेमियो आशीर्वाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की

प्राचार्य पर अभद्रता के लगे आरोप

सिवनी यशोः- सिवनी जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड धनोरा के सीएम राइज विद्यालय साजपानी के प्राचार्य पर छात्रों ने गंभीर आरोप लगाए है। आदिवासी जनजातीय विभाग के सहायक आयुक्त से लिखित शिकायत की है। छात्र संघ ने ज्ञापन भी सौंपा है। छात्रों ने बताया कि सीएम राइज हाई स्कूल धनौरा साजपानी के प्राचार्य प्रीतम सिंह जवरिया ने कक्षा 11वीं के छात्रों को बीते दिवस जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके यह कहा गया की तुम आदिवासी गोंड हो।

यहां के आदिवासी शव गरीब है। तुम लोग नागपुर जाते हो 2000-3000 हजार रुपए कमाने के लिए और में स्कूल का प्राचार्य हूं। यहां का मैं गुंडा हूं। अगर धनौरा में रहता तो घर से उठवा लेता। इसके विरोध में छात्र संघ के सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए किया और कार्रवाई की मांग की है। इसमें सावंत बघेल, अश्विन जैन, विपिन रजक, अक्षय जैन, आयुष बघेल, रोहित साहू, ऋषभ जैन और गोडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

जबरन नॉलेज



दलाल और बिचौलियों को खत्म करके मोदी जी ने दिया भ्रष्टाचार मुक्त शासन - विष्णुदत्त शर्मा

लखनादौन, धूमा की जनसभाओं में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- विकास के लिए भाजपा को दें आशीर्वाद

सिवनी यशोः- कांग्रेस ने इस देश पर 55 सालों तक राज किया। लेकिन कांग्रेस के ही एक प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि जब हम 1 रुपया दिल्ली से किसी गरीब को भेजते हैं, तो 85 पैसे दलाल और बिचौलिए खा जाते हैं। जब देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी, तो उन्होंने कहा जल्द से जल्द व्यवस्था बदलेंगे। उन्होंने लोगों के जनधन एकाउंट खोले और दलाल तथा बिचौलियों की व्यवस्था को खत्म कर दिया। आज हमारे मु यमंत्री जी ने लाडली बहनों के खातों में रुपये डाले हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि किसी दलाल को इसके लिए 1 रुपया भी दिया है` या? मैं गर्व के साथ कहना चाहता हूं कि देश और प्रदेश में आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और हमारी केंद्र सरकार या राज्य सरकार अगर 1 रुपया किसी गरीब के लिए भेजती है, तो 99 पैसे नहीं, पूरा 1 रुपया ही गरीब के खाते में पहुंचता है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को महाकोशल क्षेत्र की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान धूमा की रथ सभा तथा लखनादौन की मंच सभा को संबोधित करते हुए कही। सभा को केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया। जिला भाजपा सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी कर उक्ताशय की जानकारी दी।

देश को सुरक्षित, जीवन को आसान बना रही भाजपा सरकार

प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2014 से पहले देश में आए दिन बम विस्फोट होते थे। पाकिस्तानी सैनिक हमारी सीमा में घुसकर हमारे सैनिकों के सिर काटकर ले जाते थे और उनसे फुटबाल खेलते थे। हमारी सरकार हाथ पैर हाथ धरे बैठी रहती थी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सत्ता में आने के बाद आज आतंकवादी भारत में कोई भी हमला करने से पहले कई बार सोचते हैं। पूर्व प्रधानमन्त्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि भारत का कोई भी गाँव ऐसा नहीं बचेगा, जो सड़कों से जुड़ा न हो। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना बनाई और गाँव-गाँव को सड़कों से जोड़ दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गाँव-गाँव, घर- घर नल से पानी पहुंचाएंगे और आने वाले समय में कोई घर ऐसा नहीं बचेगा, जहां पीने का पानी नहीं पहुंचता हो। भाजपा की सरकारों की सोच गरीबों के कल्याण की, विकास और हर गरीब का जीवन बदलने की रही है। मेरी बहने बैठी हैं, प्रधानमंत्री मोदी जी ने बहनों के स मान की रक्षा के लिए गाँव-गाँव में शौचालय बनवाए हैं या नहीं? प्रधानमंत्री मोदी जी की सरकार ने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से हर गरीब को 5 लाख रुपये तक का फ्री ईलाज कराने का अधिकार दिया है। मैं पूछना चाहता हूं, कांग्रेस ने 55 वर्षो तक शासन किया,` या किसी को आयुष्मान जैसा कार्ड दिया?` या किसी को पक्का मकान दिया?` या उज्जवला जैसी योजना चलाकर गरीब माता-बहनों को गैस कने शन दिए? मध्यप्रदेश में तो हमारे मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने उज्जवला योजना की हितग्राही बहनों को सिर्फ 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात कही है।

भाजपा की सरकार ने लगाए विकास को चार चांद

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि 2003 के पहले का वह दौर प्रदेश की दुरावस्था का दौर था, जो आज भी लोगों को याद है। उस समय मि. बंटाधार यानी दिग्विजय सिंह कांग्रेस के मु यमंत्री थे। जनता सड़क, बिजली, पानी जैसी सुविधाओं के लिए भी लालायित रहती थी। भाजपा की सरकार ने प्रदेश को उस दुरावस्था से निकाला और बीते 20 सालों में प्रदेश के विकास को चार चांद लगाए हैं। गाँव-गाँव में सड़क,बिजली,पानी से लेकर स्वास्थ्य की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। पढ़ाई के लिए सीएम राइज स्कूल हैं। अगर किसी गरीब का बेटा या बेटी डॉ टर, इंजीनियर बनना चाहता है, तो उसकी फीस के लिए माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार उसकी फीस भरके उसे डॉ टर, इंजीनियर बनाने का काम कर रही हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में जब 15 महीने के लिए कमलनाथ सरकार थी, उस सरकार ने गरीबों की योजनाओ को बंद करके, हर गरीब का हक और अधिकार छीन लिया था। मैचिंग ग्रांट न होने की बात कहकर बड़ी सं या में प्रधानमंत्री आवास लौटा दिए थे। लखनादौन में मकान बनने से पहले इसलिए लौटा दिया गया कि हमारे पास इन मकानों को बनवाने जगह नहीं है। श्री शर्मा ने कहा कि पिछले कई वर्षों से कांग्रेस का विधायक होने के चलते लखनादौन का विकास भी अवरुद्ध हुआ है। देश के प्रधानमंत्री जी एवं प्रदेश के मु यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी ने गरीब आदमी के दर्द को समझा है और भाजपा की सरकारें उस दर्द को कम करने के प्रयास में लगी हैं। इसलिए आप भूल से भी पुरानी गलती न दोहराएं। आने वाले चुनाव में भाजपा को अपना आशीर्वाद दें, ताकि लखनादौन के साथ-साथ देश और प्रदेश भी विकास के रास्ते पर बढ़ते रहें।

सेवा निवृत्त डीएफओ समेत दो दर्जन युवाओं ने ली भाजपा की सदस्यता

जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान ग्राम आदे गांव में दो दर्जन से अधिक युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वहीं, लखनादौन में आयोजित सभा के दौरान रिटायर्ड डीएफओ श्री मेहतसिंह भगदिया ने प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की उपस्थित में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान यात्रा प्रभारी एवं नर्मदापुरम सांसद राव उदय प्रताप सिंह, यात्रा सह प्रभारी श्री अभिलाष पांडे, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री वैभव पवार, सिवनी जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, संभागीय मीडिया प्रमुख रविन्द्र पचौरी प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशांत तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत अग्रवाल जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान, गजानन पंचेश्वर, अजय डांगोरिया, अनिल गोल्हानी, नाहर पटेल, मनोज मर्दन त्रिवेदी सहित बड़ी सं या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीढ़ियों तक याद रखे जाएंगे भाजपा सरकारों के विकास कार्य - प्रहलाद पटेल



सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज जो विकास कार्य भाजपा की सरकारों द्वारा किए जा रहे हैं वह पीढ़ी दर पीढ़ी तक याद रखे जाएंगे। श्री पटेल ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ना होते तो देश के गांव गांव गांव में पक्की सड़क बनना संभव न हो पाता। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हर 5 वर्ष में जनता की अदालत में जाते हैं, अपने किए हुए कार्यो का लेखा-जोखा मतदाता के सामने रखते हैं और उन्हीं कार्यो के लिए आप सभी से आशीर्वाद मांगते हैं। इसी क्रम में आज यह जन आशीर्वाद यात्रा लखनादौन क्षेत्र में आप सभी का आशीर्वाद मांगने आई है। आप सभी से आग्रह है कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करें, जिससे बड़ी सं या में हमारे विधायक भी जीत कर विधानसभा पहुंचें और राज्यसभा में भी भाजपा की स्थिति मजबूत हो।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

भोपाल। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंत्रालय में विद्युत वितरण कम्पनियों के कार्यों की समीक्षा की । उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू फीडरों पर विद्युत प्रदाय की स्थिति, विद्युत अधो-संरचना के संधारण एवं इसके लिये लगने वाली सामग्री की उपलब्धता की स्थिति, रबी सीजन में भार वृद्धि के दृष्टिगत अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मररक्षमता वृद्धि की कार्य-योजना और एक किलोवॉट तक के संयोजित भार वाले घरेलू कनेक्शन पर बकाया राशि स्थगित किये जाने की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे, प्रबंध संचालक एम पी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, प्रबंध संचालक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, संचालक तकनीकी, संचालक वाणिज्यिक पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी एवं मुख्य अभियंता संचालन एवं संधारण पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ऊर्जा उपस्थित थे।ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि घरेलु फीडरों पर वास्तविक विद्युत प्रदाय अवधि को सुनिश्चित करने हेतु फीडरवार विद्युत भार के आधार पर साप्ताहिक समीक्षा की जाए। जिन स्थानों पर अवधि कम हो रही है वहा पर समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्युत अद्योसरचना के संधारण हेतु उपयोग में आने वाली सामग्री विशेषकर वितरण ट्रांसफार्मर, केबल एवं इंसुलेटर आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मध्य क्षेत्र कुछ प्रकार के केबल की कमी पर अप्रसन्नता दर्शाते हुए मैदानी क्षेत्रों की वास्तविक सामग्री की आवश्यकता के आधार पर क्रय प्रक्रिया की जाए। वर्तमान में जिस वितरण कम्पनी में सामग्री का आधिक्य है, उसका उपयोग अन्य कम्पनियों में भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में फाल्ट अधिक हो रहे हो अथवा बार बार मेंटेनेंस की आवश्यकता हो रही हो, उनके कारणों की गहन समीक्षा के स्थायी समाधान करें।इसके साथ ही रबी सीजन में भार वृद्धि के दृष्टिगत वितरण ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त वितरण ट्रांसफॉर्मर स्थापना के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही एक किलोवाट संयोजित भार वाले घरेलु उपभोक्ताओं के बकाया राशि को 31 अगस्त , 2023 की स्थिति में आस्थगित करने की समीक्षा की गई एवं सम्बन्धित उपभोक्ताओं को बकाया राशि के आस्थग्न की सूचना दिए जाने हेतु निर्देशित दिया गया।

भोपाल विज्ञान मेला 15 से 18 सितम्बर तक

चन्द्रयान-3 के प्रोग्राम डायरेक्टर एवं वंदे-भारत ट्रेन के चीफ आर्किटेक्ट होंगे सम्मानित

ग्रास रूट इनोवेशन, उन्नत तकनीकों एवं नवाचारों का होगा प्रदर्शन

शहर के नाम से 10 वर्ष से सतत जारी भारत का अनूठा विज्ञान समागम मंत्री श्री सखलेचा ने दी जानकारी

भोपाल । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने शनिवार को बताया कि चंद्रयान 3 की सफलता के जश्न के साथ म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में 10वां भोपाल विज्ञान मेला बीएचईएल दशहरा मैदान, में 15 से 18 सितम्बर तक होगा। मंत्री श्री सखलेचा ने बताया कि भोपाल विज्ञान मेला, मध्यप्रदेश के साथ ही पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है जिसमें ग्रास रूट के साथ ही प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर तक विज्ञान एवं तकनीकी की प्रगति और नवाचारों से लोगों को अवगत कराया जाता है। मेले में हजारों छात्र, शोधार्थी, शिक्षक, कारीगर, किसान, उद्यमी, वैज्ञानिक, अधिकारी एवं सामान्यजन सहभागिता करते है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों, शोध संस्थानों, उद्योगों एवं शैक्षणिक संस्थानों द्वारा इसमें भाग लिया जाता है। मेले में विज्ञान आधारित विभिन्न गतिविधियाँ होती हैं। इस वर्ष का भोपाल विज्ञान मेला ÷साइंस, टेक्नालॉजी एवं इनोवेशन अमृतकाल÷ थीम पर है।

ग्रास रूट इनोवेटर्स, उन्नत तकनीकों एवं नवाचारों का होगा प्रदर्शन

इस वर्ष भी भोपाल विज्ञान मेले में नवीनतम तकनीकों, छात्रा - वैज्ञानिक संवाद, मॉडल कान्टेस्ट के साथ ही ग्रास रूट एवं इनोवेटिव कारीगर पेवेलियन वेस्ट मैनेजमेंट पेवेलियन, हैंडीक्राफट पेवेलियन, स्टार्टअप पेवेलियन इत्यादि के माध्यम से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति से अवगत कराया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण परमाणु ऊर्जा, इसरो, डीआरडीओ ब्रह्मोस, एनटीपीसी, सीएसआईआर, आईसीएमआर, आईसीएआर, एप्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् एवं उद्योगों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली नवीनतम तकनीक एवं उत्पाद रहेंगे। ग्राम रूट इनोवेशन एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्टूडेन्ट मॉडल कान्टेस्ट में अनगिनत बड़ी संस्थाओं के छात्रों द्वारा अपने इनोवेशन आईडियास एवं माडल्स को प्रदर्शित किया जायेगा। यहां नव उद्यमियों एवं स्टार्टअप द्वारा विभिन्न प्रकार के तकनीकी समाधान भी प्रस्तुत किये जायेगें। मेले में प्रतिवर्ष अनुसार देश के शीर्ष वैज्ञानिकों एवं विभिन्न क्षेत्र की विख्यात हस्तियों का छात्रों से संवाद एवं मार्गदर्शन भी दिया जायेगा तथा प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे ।

शीर्ष वैज्ञानिक होंगे सम्मानित

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री सखलेचा ने कहा है कि चंद्रयान-3 की अभूतपूर्व उपलब्धि का उत्सव मनाने के लिए भोपाल विज्ञान मेले में इस मिशन से जुड़े डायरेक्टर सहित देश की तीन हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। 10वां भोपाल विज्ञान मेला 15 से 18 सितंबर 2023 तक भेल दशहरा मैदान में आयोजित होगा। मंत्री श्री सखलेचा ने शनिवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारत को पूरे विश्व में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मजबूती से स्थापित करने एवं देश को गौरव की अनुभूति कराने वाले देश के शीर्ष वैज्ञानिक चन्द्रयान- 3 के मिशन डायरेक्टर डॉ. पी. वीरामुथुवेल, इसरो बैंगलूरू, वन्दे भारत के चीफ आर्किटेक्ट श्री सुधांशु मनी के साथ ही एम्स दिल्ली की डॉ. रमा जयासुंदर को भी विज्ञान प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि विज्ञान प्रतिभा सम्मान पूर्व में भी डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, आउट स्टेडिंग साांईटिस्ट एण्ड चीफ कन्ट्रोलर ब्रह्मोस, डॉ. पी. कुन्हीकृष्णन, डायरेक्टर, सतीश धवन स्पेस सेंटर, इसरों, प्रो. एम. जगदेश कुमार, पूर्व कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली, श्री यू. राजा बाबू, प्रोग्राम डायरेक्टर, डीआरडीओ, हैदराबाद को दिया जा चुका है।मंत्री श्री सखलेचा ने बताया कि 17 और 18 सितम्बर को चन्द्रयान-3 महोत्सव का आयोजन भी किया जायेगा।

अनूठा है भोपाल विज्ञान मेला

भोपाल शहर के नाम पर यह विज्ञान मेला 10 वर्ष से आयोजित किया जा रहा है, जिसकी एक विशिष्ट पहचान भोपाल के साथ ही प्रदेश, देश एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर बन चुकी हैं। संभवतः शहर के नाम पर वृहद रूप में आयोजित होने वाला यह विज्ञान मेला इकलौता है, जिसमें छात्र शोधार्थी, शिक्षक, कारीगर, किसान, उद्यमी वैज्ञानिक अधिकारी एवं सामान्यजन सहभागी होने के उत्सुक रहते हैं।

भोपाल विज्ञान मेले का शुभारंभ, समापन, प्रदेश एवं देश के शीर्ष वैज्ञानिक संस्थाओं के प्रमुखों की उपस्थिति में होगा, जिसमें वैज्ञानिकों के साथ ही छात्र-प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जायेगा ।

भारत मंडपम के जी20 शिल्प बाज़ार में मध्य प्रदेश के हस्तशिल्प और जनजातीय कला का प्रदर्शन

MADHYA PRADESH
G20

भोपाल। जी20 शिखर सम्मलेन में भाग ले रहे विदेशी प्रतिनिधियों और अन्यों के लिए भारत मंडपम के शिल्प बाज़ार में मध्यप्रदेश के समृद्ध हस्तशिल्प और जनजातीय कलाकृतियों की विस्तृत श्रंखला का प्रदर्शन किया जा रहा है। 9 और 10 सितम्बर, 2023 को हो रहे इस शिल्प बाज़ार के मध्यप्रदेश पेवेलियन में प्रदेश के एक जिला-एक उत्पाद के अंतर्गत प्रसिद्ध और लोकप्रिय शिल्प का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। पेवेलियन में चंदेरी साड़ी, महेश्वरी साड़ी, बाघ और बुटिक प्रिंट, सीधी की दरियाँ, लौह शिल्प और मेटल की कलाकृतियाँ, गोंड पेंटिंग्स, जूट से निर्मित कैरी बैग्स, फाइल कवर्स, लेदर बैग्स, बाँस चटाई, ज़री वर्क इत्यादि के प्रदर्शन और बिक्री की व्यवस्था की गयी है। डिजिटल भुगतान के लिए पेवेलियन में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्ड स्वाइप की सुविधा है। खरीदे गये उत्पादों की पेकिंग इको-फ्रेंडली पेपर बैग में की जाएगी। स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के सौजन्य से फोरेक्स काउंटर भी शिल्प बाज़ार में स्थापित किया गया है।

प्रदेश के पेवेलियन में वर्ष 2017 के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित श्री पवन झारिया द्वारा तारापुर की सुप्रसिद्ध हस्तथप्पा छपाई कला नान्दना ब्लाक प्रिंट्स की 12 विभिन्न प्रक्रियाओं का सजीव प्रदर्शन भी किया जा रहा है। शिल्प बाज़ार में ट्राईफ़ेड के ट्राइब्स इंडिया पेवेलियन में भी मध्यप्रदेश की गोंड पेंटिंग्स, महेश्वरी साड़ियां और भील आभूषण प्रदर्शित किये जा रहे हैं। वर्ष 2023 के पद्म श्री पुरस्कार विजेता श्री परेश राठवा इस पेवेलियन में भील, भिलाला, नायक और राठवा जनजातियों की अनुष्ठानिक पिथौरा पेंटिंग का सजीव प्रदर्शन कर रहे हैं।

ज्योतिष ज्ञान की प्रासंगिकता और महत्ता से युवा पीढ़ी को परिचित कराए

ज्योतिष का ज्ञान पूर्वजों की साधना और अनुसंधान की सौगात -राज्यपाल पटेल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल महर्षि पाराशर अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि ज्योतिष का ज्ञान पूर्वजों की साधना और अनुसंधान की सौगात है। उन्होंने कहा कि समसामयिक जगत में ज्योतिष ज्ञान की प्रासंगिकता और महत्ता से युवा पीढ़ी को परिचित कराया जाना चाहिए।

पटेल केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में प्रथम महर्षि पाराशर अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के भोपाल परिसर, एस्ट्रोवर्स एवं जीवन वैभव ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। सम्मेलन का समापन 10 दिसंबर को होगा।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने सत्यवान-सावित्री के परंपरागत दृष्टांत का उल्लेख करते हुए कहा कि परिश्रम से प्रारब्ध बनता है। उन्होंने कहा कि सत्यवान की मृत्यु की नियति को उनकी पत्नी ने अपनी बुद्धिमत्ता और प्रखरता से पति की प्राण रक्षा के साथ ही पूरे परिवार के सुखी जीवन में बदल लिया था। उन्होंने कहा कि धैर्य के साथ नीति के पथ पर चलते हुए कल्याणकारी कार्य करते रहने में जीवन की सार्थकता है। उन्होंने एक अन्य दृष्टांत के माध्यम से बताया कि ज्योतिष फल की इच्छा के बिना सत्कर्म करने और आत्मसंतोष का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के दौरान ज्योतिष के द्वारा सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन पर विचार किया जाना चाहिए। रोजगार और व्यवसाय के विकल्प के रूप में ज्योतिष को उसकी वैज्ञानिकता और रचनात्मकता के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि ज्योतिष में 12 राशि, 9 ग्रह और 27 नक्षत्र होते है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने गुजरात विधानसभा के सामने पुनीत वन, अंबाजी में मांगलिक वनों की आयोजना ज्योतिष के आधार पर की थी। राज्यपाल ने वन मंत्री के रूप में परियोजना से जुड़े प्रसंगों के उल्लेख में बताया कि पुनीत वन में बेल पत्र के पौधों के समूह से शिवलिंग की रचना की गई है। मांगलिक वन में ऊँ का आकार वृक्षों के द्वारा बनाया गया है। उन्होंने सम्मेलन आयोजन की सराहना करते हुए भारतीय ज्ञान परंपराओं को वैश्विकता प्रदान करने की सराहनीय पहल बताया। उन्होंने उम्मीद की कि सम्मेलन का चिंतन भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं, नैतिक जीवन मूल्यों और प्राचीन भारतीय ज्ञान की वैज्ञानिकता से युवाओं को प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित करेगा।

राज्यपाल का कार्यक्रम के प्रारम्भ में पुष्प गुच्छ से स्वागत, शाल श्रीफल से अभिनंदन किया गया। श्री पटेल ने दीप प्रज्जवलन कर, सम्मेलन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में राज्यपाल को जीवन वैभव ग्रुप की स्मारिका विशेषांक की प्रथम प्रति, स्मृति चिन्ह और प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।

उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन संबोधन में अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ वैदिक स्टडीज के श्री डेविड ट्रालें ने ज्योतिष के महत्त्वपूर्ण आयामों पर प्रकाश डाला। ज्योतिष को विज्ञान के साथ ही कला बताते हुए वर्तमान समय की सामाजिक, राजनैतिक, तकनीकी, आध्यात्मिक स्थितियों और संवाद के परिदृश्य में ज्योतिष के नवाकार और नवायान की जरूरत बताई। तकनीकी सुविधाओं और पर्यावरणीय परिवर्तनों के समावेशन की सम्भावनाओं पर विचार के लिए कहा है।

सम्मेलन की रूप-रेखा पर पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री ऋषि कुमार शुक्ला ने प्रकाश डाला। डन्होंने बताया कि ज्योतिष सनातन परंपरा का अंग है। दो दिवसीय सम्मेलन के 6 सत्रों में ज्योतिष के विभिन्न विषयों पर ज्योतिष की महत्ता और वैश्विक परिवर्तन एवं चुनौतियों के शास्त्रीय समाधान की प्रासंगिकता पर विचार किया जाएगा। सम्मेलन 150 विद्वान और युवा प्रतिभागी शामिल है।

स्वागत उद्बोधन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. रमाकांत पाण्डेय ने दिया। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली की बहु परिसर संस्था है। भोपाल परिसर उसी का अंग है। आभार प्रदर्शन जीवन वैभव ग्रुप के श्री हेमचंद पाण्डेय ने किया।

भारत की संस्कृति और पहचान को बचाने में पुरातत्वविदों का अहम योगदान-मंत्री ठाकुर

***डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान समारोह**

***देवेन्द्र सिंह सूद को वर्ष 2020-21 और डॉ. शिवाकांत वाजपेयी को वर्ष 2021-22 का मिला सम्मान**

भोपाल। संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि भारत की संस्कृति और पहचान को बचाने में पुरातत्वविदों का अहम योगदान है। मंत्री सुश्री ठाकुर राज्य संग्रहालय सभागार में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी। मंत्री सुश्री ठाकुर ने श्री देवेन्द्र सिंह सूद को वर्ष 2020-21 और डॉ. शिवाकांत वाजपेयी को वर्ष 2021-22 के डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया। शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सामान के साथ दो लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। उन्होंने संचालनालय पुरात्व द्वारा आयोजित जश्ने-आज़ादी का सफ़रनामा प्रदर्शनी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया।

मंत्री सुश्री ठाकुर ने समारोह में विदिशा के शैलचित्र पर आधारित पुस्तक शैलाश्रय का विमोचन भी किया। उन्होंने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित करने के लिए सम्मानित हस्तियों की तपस्या को नमन किया। उन्होंने पुरातत्व की प्रमाणिकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी पुरातत्वविदों को धन्यवाद दिया।

प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने का अहम कार्य करने वाले पुरातत्वविदों को सम्मानित कर संस्कृति विभाग गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि विरासत संरक्षण की दिशा में कामयाब होने के लिए एएसआई, संस्कृति विभाग, पुरातत्व को संयुक्त प्रयासों के साथ-साथ आमजन का भी सहयोग लेना होगा। उन्होंने धरोहर के संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों की भी जानकारी दी।

देवेन्द्र सिंह सूद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण भोपाल मण्डल से उप अधीक्षण अभियंता के पद से सेवानिवृत हुए है। कंबोडिया में अंकोरवाट मंदिर, ताप्रोम मंदिर और अन्य स्मारकों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कंबोडिया के शाही शासन द्वारा 2018 में ÷चैविलियर÷ और 2022 में ÷ऑफिसर÷ के सम्मान से सम्मानित किया गया है। मंदसौर में यशोवर्मन के सोंधनी स्तंभ, धार की बाघ की गुफाएं, भोजशाला और मांडू के स्मारक, मुरैना के ककनमठ मंदिर और रायसेन के सांची स्तूप जैसे अनेक स्मारकों के संरक्षण में विशेष योगदान रहा है।

डॉ. शिवाकांत वाजपेयी वर्तमान में भारतीय पुतत्व सर्वेक्षण जबलपुर वृत्त में अधीक्षण पुरातत्वविद के पद पर सेवारत है। भीमबैठका (मध्यप्रदेश), श्रावस्ती (उत्तरप्रदेश), ढलेवां (पंजाब), राखीगढ़ी (हरियाणा), बालाथल (राजस्थान), हथनूर (महाराष्ट्र) में पुरातात्त्विक उत्खननों सर्वेक्षणों में अहम योगदान रहा। लगभग 50 से अधिक महत्त्वपूर्ण शोध पत्रों एवं 10 पुस्तकों का लेखन, प्रकाशन एवं संपादन किया जा चुका है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के विलुप्त इतिहास की कड़ियाँ जोड़ने वाले पुरास्थल डमरू (जिला बलौदाबाजार) के उत्खनन के निदेशक के तौर पर विशिष्ट पहचान है। डॉ. बाजपेयी ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए नेपाल. ब्रिटेन, श्रीलंका तथा इटली की अकादमिक यात्राएँ एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमीनारों में सहभागिता की है।

समारोह में आयुक्त पुरातत्व श्रीमती उर्मिला शुक्ला, उपसंचालक श्री रमेश यादव सहित संबंधित अधिकारी और पुरातत्वप्रेमी उपस्थित रहें।

विश्व में गुंजायमान हो रहा वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र

केबिनेट बैठक के पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान की मंत्री गण से चर्चा

भोपाल। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 की बैठक दुनिया भर से भारत आए राष्ट्र प्रमुखों की उपस्थिति में हो रही है। भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। मध्यप्रदेश केबिनेट की ओर से इन राष्ट्र प्रमुखों का स्वागत है। जी-20 की यह बैठक भारत के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज समत्व भवन, मुख्यमंत्री निवास में राज्य मंत्रि-परिषद की बैठक में जी-20 और भारत की अध्यक्षता के संदर्भ में प्रधान मंत्री श्री मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र विश्व में गुंजायमान हो रहा है। यह बैठक दुनिया की समस्याओं के समाधान का माध्यम भी बनेगी। मंत्रि-परिषद की बैठक राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम के सामूहिक गायन से आरंभ हुई। बैठक में मंत्रि- परिषद के सदस्य, मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बीना बनेगा दूसरा पीथमपुर

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी सागर जिले के बीना रिफायनरी के पेट्रो केमिकल्स कॉम्प्लेक्स के प्रकल्प के भूमि-पूजन के लिये 14 सितंबर को पधार रहे हैं। यह निवेश की दृष्टि से अहम दिन होगा। प्रदेश के लिए विशेष उपलब्धि होगी। बीना, पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र की तरह विकसित होगा। आने वाले समय में सागर जिले के साथ-साथ पड़ोसी जिले विदिशा, गुना और अशोक नगर भी निवेश की दृष्टि से हब बन जायेंगे। क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर बदलेगी। लगभग 2 लाख करोड़ रुपए के निवेश आ रहे हैं। सिर्फ बीना रिफायनरी में 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश है। करीब 3 लाख रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मध्यप्रदेश शासन ने करीब 15 हजार करोड़ की छूट इस प्रकल्प के लिए प्रदान की है।

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना नई सामाजिक क्रांति

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिए 10 सितंबर को लाड़ली बहना दिवस है। ग्वालियर से सिंगल क्लिक द्वारा प्रदेश की लाड़ली बहनों के बैंक खातों में योजना की राशि डाली जाएगी। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना नई सामाजिक क्रांति बन गई है। प्रभारी मंत्री अपने जिलों में इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे। विभिन्न ग्रामों और शहरों में लाड़ली बहनें भी कार्यक्रम में शामिल होंगी।

महाकाल महाराज को प्रणाम, प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि महाकाल केबिनेट की ओर से महाकाल महाराज के चरणों में प्रणाम करना चाहता हूँ। महाकाल महाराज ने कृपा की। उन्होंने कहा कि सच्चे हृदय से प्रार्थना की जाये, तो प्रार्थना सुनी जाती है। प्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है, जिससे फसलों को जीवनदान मिला है। किसानों के चेहरों पर प्रसन्नता है। विद्युत की बढ़ी हुई वर्तमान मांग को पूरा करना आसान हो रहा है। यह भगवान महाकाल की ही कृपा है कि हम फसलें भी बचा पाए और अन्य व्यवस्थाओं में आसानी हुई है।

सांची सोलर सिटी विशेष उपलब्धि

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इस सप्ताह लोकार्पित सांची सोलर सिटी देश की पहली सोलर सिटी है। सांची में घरों में सोलर लाइट का सभी लाभ ले रहे हैं। यहाँ तक की मोबाइल की चार्जिंग के लिए भी व्यवस्था है। ऊर्जा विभाग सहित सांची के नागरिक बधाई के पात्र हैं। आईआईटी कानपुर के सहयोग से सांची जीरो नेट की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके लिए एमओयू भी हुआ है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस उपलब्धि के लिए सभी को बधाई दी।

बिजली की समस्या से तंग 30 गांव के लोगों में आक्रोश,

उमरिया। उमरिया जिले में बिजली समस्या से ग्रामीण त्रस्त हो गए हैं। रविवार को आक्रोशित होकर करीब 30 गांव के ग्रामीणों ने जनजातीय कार्य मंत्री मीना सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का पुतला दहन किया है। इतना ही नहीं आगे चक्काजाम और कलेक्ट्रेट घेराव की चेतावनी भी दे डाली है।

पूरा मामला उमरिया जिले के मानपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम चिल्हारी से लगे 30 से 35 गांव का है। यहां ग्रामीण लगातार बिजली समस्या से परेशान हैं। कहीं 4 साल से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ है तो कहीं कोई अन्य समस्या बनी हुई है। इससे व्यथित होकर किसानों ने 14 सूत्री मांगों को लेकर जिला प्रशासन को दो दिन पूर्व ज्ञापन भी दिया था। ज्ञापन के माध्यम से सूचित किया था कि यदि हमारी मांग पूरी नहीं होगी तो हम आंदोलन करने को बाध्य हो जाएंगे।रविवार को योजना के मुताबिक किसान महासंघ के बैनर तले क्षेत्र के किसान एकत्रित हुए और ग्राम चिल्हारी में बिजली समस्या को लेकर बड़ा आंदोलन किया गया।

जिला बनाओं संघर्ष समिति का लखनादौन शत प्रतिशत बंद

सर्वधर्म समाज एवं व्यापारियों का मिला समर्थन

लखनादौन यशोः- एक लम्बे अरसे से लखनादौन को जिला बनाये जाने की मांग जनमानस द्वारा की जाती रही हैं विगत एक माह से लगातार बैठकों के दौर के बाद गत 25 अगस्त को एसडीएम की अनुपस्थिति में लखनादौन तहसीलदार को मुख्यमंत्री के ज्ञापन सौपा गया गया था जिसमें शासन प्रशासन को 7 दिवस की मोहलत दी गई थी कि प्रदेश के मुखिया द्वारा यदि लखनादौन को जिला बनाने की घोषणा नहीं करते तो उग्र आंदोलन किया जावेगा।

इसी कडी में शनिवार शाम को बैठक में चर्चा के दौरान यह बात निकल कर सामने आई कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकास यात्रा का आगमन रविवार को किया जा रहा हैं जिसका बहिष्कार करते हुये नगर बंद का आहवान बैठक में उपस्थित जन सामान्य द्वारा भी की गई । शाम को ही पूरे नगर में घूमकर इस बात की सूचना दी गई कि मुख्यमंत्री द्वारा विगत 10 वर्ष पूर्व द्वारा लखनादौन को जिला बनाने की मांग को आज दिनांक तक पूर्ण न करते हुये लखनादौन में आने वाले विकास यात्रा का पूर्ण बहिष्कार कर नगर बंद किया गया

नगर बंद के आहवान पर नगर के व्यापारियों सहित छोटे छोटे गुमठी ठेले वालों ने भी नगर बंद को सफल बनाया। बंद के दौरान संघर्ष समिति के द्वारा पूरे नगर में भ्रमण करते हुये बंद के लिये निवेदन किया। विकास यात्रा लगभग 2 बजे लखनादौन पहुंची जहां समिति के पदाधिकारियों ने विकास यात्रा में आये प्रदेश संगठन के नेताओं से लखनादौन की वर्षो पूरानी मांग की बात दोहराई आदत के अनुरूप नेताओं ने भी आश्वासन दिया और चलते बने। उक्त लखनादौन नगर बंद के बाद संघर्ष समिति द्वारा जिला बनाये जाने हेतु निरतंर अपनी मांग रखी जायेगी। नगर बंद का कार्यक्रम पूर्णतः शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ

आखिर लखनादौन को जिला क्यों बनाया जाना चाहिए-

लखनादौन तहसील जो कि जिला सिवनी म.प्र. में आती है, आजादी के पूर्व अंग्रेज शासनकाल के समय सन् 1860 में गठित की गई थी, तब से लेकर आज तक 163 वर्ष बाद भी यह आदिवासी, जिन एवं अन्य पिछडा वर्ग एवं अन्य के मिश्रण से बसी यह तहसील आदिवासी अंचल की सबसे पुरानी तहसील है। जब मध्यप्रदेश की राजधानी नागपुर थी तथा जिला छिंदवाडा की एकमात्र पुरानी तहसील लखनादौन भी थी उस समय सिवनी तहसील नही थी। लखनादौन आदिवासी बाहुल्य तहसील को जिला बनाने की नोंग विगत 30 - 35 वर्षो से लगातार की जाती रही है, परन्तु जिला बनाये जाने हेतु जन सामान्य के हित में कोई समुचित कदन म.प्र. शासन द्वारा नही उठाये गये और न हो आज दिनांक तक जिले का दर्जा प्रदान किया गया है।

म.प्र. - छत्तीसगढ़ के बैंटवारा के समय 45 जिलो में 29 जिले म.प्र. में तथा 16 जिले छ.ग. में विभाजित कर दिये गये थे, और सन् 2003 के बाद 29 जिलो को आज 52 जिलो में गठित कर दिया गया है, एवं मुख्यमंत्री द्वारा 03 जिलो की घोषणा भी की जा चुकी है। 02 विकासखण्डो के योग वाली तहसीले जिनकी जनसंख्या लगभग 3.50,000 रही है, उन तहसीलो को जिला का दर्जा देकर विकास के दर्जे से जोड़ दिया गया, परन्तु आजादी के 77 साल बाद भी आदिवासी बाहुल्य तहसील लखनादौन आज भी विकास की बाट जोह रही है, आदिवासी बाहुल्य तहसील लखनादौन 163 वर्षो के बाद भी अंग्रेज शासनकाल में सन् 1914 में निर्मित नवीन तहसील भवन में संचालित है, इसके पूर्व निर्मित तहसील भवन आज स्थापित है। 125 से लेकर 150 किलोमीटर की दूरी उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम चर्तुसीमा में स्थापित लखनादौन तहसील के आदिवासी एवं अन्य गरीब तबके के लोगो को छोटे छोटे कार्यो हेतु सिवनी आना - जाना पडता है, जिसमें दूरस्थ अंचल के लोगो को सुबह घर से निकलकर जाना पडता है और वापिसी अगले दिन होती है। आदिवासी बाहुल्य तहसील लखनादौन भौगोलिक, राजनैतिक, आर्थिक एवं राजस्व आय क्षेत्रफल, व्यापारिक दृष्टिकोण से अंग्रेजो द्वारा गठित तहसील से सबसे अधिक राजस्व आय म.प्र. शासन को होती है। सन् 1914 में निर्मित नवीन तहसील भवन को 100 वर्ष पूरे होने पर सन् 2014 में पुरातत्व संपदा मानते हुए जिला पुरातत्व संघ सिवनी के प्रस्ताव के अनुसार शासन शताब्दी समारोह भी मनाया गया।

सन् 2016 में लगभग 1 वर्ष तक प्रबुद्ध वर्ग कामीण जन, जनप्रतिनिधि, मीडिया, अधिवक्ता संघ लखनादौन के संयुक्त तत्वाधान में लखनादौन तहसील को जिला बनाये जाने की माँग को लेकर अनशन आंदोलन इत्यादि किये गये थे, तथा तात्कालीन महामहिम राज्यपाल तथा माननीय मुख्यमंत्री जी आपके समक्ष प्रतिनिधि मण्डल के माध्यम से आंकडे सहित समस्त समुचित दस्तावेजो का ज्ञापन भी दिया गया था, तथा आपके द्वारा आश्वस्त भी किया गया था कि आगामी वर्षो में हम इसका फैसला लेगें, और बल्भव भवन भोपाल द्वारा मई 2023 में उपसचिव म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल को लखनादौन तहसील को जिला घोषित करने वायदा पत्र जारी भी किया गया था, उक्त पत्र की प्रति अधिवक्ता संघ लखनादौन को प्रेषित की गई थी, परन्तु आपके द्वारा वर्तमान में 03 नये जिलो की घोषणा की गई है परन्तु लखनादौन तहसील को जिला का दर्जा दिये जाने की समुचित पहल नहीं की गई है। म.प्र. में पूर्व गठित जिलो के आंकड़े और इस लखनादौन तहसील के चार तहसील लखनादौन, छपारा, घंसौर एवं धनौरा मिलाकर कुल जनसंख्या

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सुनी बच्चों की समस्याऐं प्राप्त आवेदनों का मौके में हुआ निराकरण

सिवनी यशोः- रविवार 10 सितम्बर को जिला पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली की बैंच में सदस्य डॉ दिव्या गुप्ता एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री अनुराग पाण्डेय ने आवेदकों से रूबरू होकर बाल अधिकारों से सम्बंधित समस्याओं को सुना और प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर में राज्यपाल कार्यालय के कानूनी सलाहकार श्री विक्रांत सिंह कुमरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सदस्य डॉ दिव्या गुप्ता एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री अनुराग पाण्डेय ने स्वास्थ्य जांच शिविर, दिव्यांगजन चिकित्सा परीक्षण शिविर, आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर से लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा कर उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के समक्ष शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं सामाजिक न्याय, श्रम, बाल विकास सेवाएं, मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण सेवाएं, जनजातीय कार्य विभाग से संबंधित प्रकरणों पर विचार कर कर निराकरण हेतु आवश्यक कार्यवाही की गयी। आयोजित बैंच के समक्ष लगभग 400 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें हर सम्भव आवेदनों का मौके में निराकरण कर प्रमाण पत्र एवं हितलाभ का वितरण किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, दिव्यांगजन चिकित्सा परीक्षण शिविर, आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर, आधार पंजीयन एवं बैंकिंग शिविर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 6 दिव्यांग बच्चों श्रवण यंत्र, 5 बच्चों को ब्लाइंड स्टिक तथा 2 व्हील चेयर प्रदाय की गई। वहीं लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड पंजीयन के लाभांवित हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कांग्रेस ने की ब्लाक कार्यवाहक अध्यक्षो की घोषणा

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा के सभी सात ब्लाक कांग्रेस कमेटियों में संगठन की गतिविधियों को मजबूत करने की दृष्टि सें जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा प्रस्तावित एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सम्मानीय अध्यक्ष श्री कमलनाथ जी द्वारा अनुमोदित सिवनी विधानसभा के ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्षो की सूची निम्नानुसार है।

ब्लाकवार नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्षों में ब्लाक कांग्रेस सिवनी ग्रामीण से गनाराम नरेती खमरिया, जयसिंह पटले मुंडरई भोमा, ब्लाक कांग्रेस बंडोल से रामनाथ काकोडिया खिरखिरी, सुंदर सिंह जंघेला जुझारपुर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी गोपालगंज से चिंतामन धुर्वे केकड़वानी, स्वदेश से सेना फुलारा, ब्लाक कांग्रेस चमारी से आरिफ खान बरबसपुर, सुनील उइके दीनू तिन्सा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी मुंगवानीकलां से रघुनाथ बघेल धतुरिया, प्रयाग डेहरिया छिन्दग्वार, ब्लाक कांग्रेस बखारी से जय गजभिये पिपरिया, खेलन नंदवंशी दानीमेटा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिवनी नगर से राजकुमार ठाकुर कबीर वार्ड सिवनी, एड. शाहिद रज शहीद वार्ड सिवनी, एड. पंकज बाउसकर रानीदुर्गावती सिवनी का समावेश किया गया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना ने सभी नवनियुक्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्षों को बधाई प्रेषित करते हुये अपेक्षा व्यक्त की है संगठन की मजबूती के लिए अपनी पूर्ण क्षमता के साथ कार्य करे एवं आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशीयों के पक्ष में पूरी क्षमता एवं निष्ठा से प्रचार प्रसार कर सिवनी जिले की चारो विधानसभा क्षेत्रों से कांग्रेस के उम्मीदवारों को विजयी बनाने का प्रयास करेंगे।

शाला भवनों को बेहतर बनाएं, खेल सामग्री उपलब्ध कराएँ - डॉ. सिडाना

कलेक्टर ने किया नारायणगंज विकासखंड की शालाओं का निरीक्षण

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्राथमिक शाला कोंडरा माल, प्राथमिक शाला चिरईडोंगरी, प्राथमिक शाला नारायणगंज, प्राथमिक शाला बीजेगांव, एकीकृत माध्यमिक शाला मानेगांव तथा प्राथमिक शाला बबलिया माल का निरीक्षण करते हुए शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षकों की उपस्थिति, पुस्तक, गणवेश एवं मध्यान्ह भोजन सहित अन्य योजनाओं के संबंध में फीडबैक लिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से पाठ्यक्रम आधारित प्रश्न किए।

डॉ. सिडाना ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दें। अध्यापन के दौरान विषय की अवधारणा को स्पष्ट करें। शाला स्तर पर नवाचार करें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों की विषयवार कठिनाईयों का चिन्हांकन करें तथा उनका निराकरण भी करें। प्राथमिक शाला बीजेगांव में बच्चों का उपलब्धि स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की।

खुद भी रोज आएं, सहपाठियों को भी लाएं

स्कूलों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्हें नियमित स्कूल आने तथा अपने सहपाठियों को भी साथ लाने की समझाईश दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अभी से ही अपने जीवन का लक्ष्य तय कर उसे हासिल करने का प्रयास करें। इस दौरान कलेक्टर ने शाला में खेल सामग्रियों की उपलब्धता की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

स्कूलों को बेहतर बनाने पंचायत सहभागी बनें

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि ग्राम में संचालित शालाओं के भवनों के रख-रखाव में पंचायतें भी सहभागी बनें। पंचायतों में उपलब्ध राशि का नियमानुसार उपयोग करते हुए शाला भवन एवं शौचालय की मरम्मत, शाला भवन की रंगाई-पुताई जैसे कार्य कराएं। शालाओं में बच्चों के पसंद का रंग कराएं। आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम आधारित चित्र बनवाएं। कलेक्टर ने प्राथमिक शाला कोंडरा माल के भवन की मरम्मत 15 दिवस में कराने के निर्देश दिए।

भीमगढ ग्राम वासियों की मांग पर वैकल्पिक मार्ग बनाने हेतु रजनीश ने दिया एक लाख रुपया

छपारा यशोः- जनपद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले भीमगढ़ ग्राम वासी तीन वर्ष पूर्व अतिबृष्टि बाढ़ के कारण पुल बह जाने की वजह से काफी दिक्कत का सामना कर रहे है, खासकर बारिश के दिनो मे बांध से पानी छोड़ने पर सीधा मार्ग जब बंद हो जाता है तो काफी लम्बा घूमकर जाना पड़ता हैं जिसमे और भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,जिसको लेकर शासन प्रशासन से अपील करते हुए थक गए किंतु तीन साल बीत जाने के बाद भी किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया।इसी वजह से ग्राम वासियों ने अब खुद जन सहयोग से वैकल्पिक मार्ग बनाने हेतु जुट गए हैं। वही जब पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह से इस विषय में ग्राम वासियों द्वारा चर्चा की गई तब सहर्ष रजनीश सिंह द्वारा एक लाख रुपए देने की बात कही। ज्ञात हो कि जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भीमगढ़ ग्राम के यादव समाज के लोगों ने केवलारी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रजनीश हरबंस सिंह को पूजन पाठ के लिए भीमगढ़ गांव में आमंत्रित किया जहा 7सितंबर को देर रात रजनीश सिंह पहुंचे थे जहा ग्राम वासियों के द्वारा उनका जोर-शोर से स्वागत किया गया,एवम ग्राम वासियों द्वारा पूर्व विधायक रजनीश सिंह से मांग की गई की भीमगढ़ ग्राम सहित आसपास के गांव से लोग प्रतिदिन बड़ी संख्या में नदी पार करके आवागमन करते हैं, किंतु भीमगढ़ बांध के गेट से पानी छोड़ने के कारण उक्त मार्ग से आवागमन बंद हो जाता है, वही शासन द्वारा पता नही कब नवीन पुल का निर्माण किया जाएगा तब तक हम सभी ग्राम वासियों ने वैकल्पिक मार्ग बनाने हेतु संकल्प लिया है, जिसके सहयोग हेतु वर्तमान विधायक से भी आने-जाने के लिए मार्ग बनाने की मांग की थी किंतु हमारी मांग को उन्होंने अनसुना कर दिया। ग्राम वासियों की मांग को सुन कर तत्काल पूर्व विधायक रजनीश हरवंश सिंह ने जनता के बीच खड़े होकर के कहां कि मैं देख रहा हूं आपका सेवक होने के नाते आपको आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है मैं स्वयं मेरी तरफ से वैकल्पिक मार्ग निर्माण हेतु एक लाख की राशि आप ग्राम वासियों को देता हूं, घोषणा सुनकर ग्राम वासियों में खुशी की लहर छा गई और ग्राम वासियों ने कहा कि हम जल्द ही आने-जाने के लिये वैकल्पिक मार्ग तैयार करेंगे जिससे हमारे गांव के साथ आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा जनक होगा एवं ग्राम वासियों ने रजनीश सिंह का आभार व्यक्त किया।

आँगनवाड़ी में खेल आधारित गतिविधियाँ कराएं - कलेक्टर

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आँगनवाड़ी केन्द्र बीजेगांव का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में खेल आधारित गतिविधियां कराएं। खेल सामग्री बच्चों को उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर ने टीकाकरण, सांझा चूल्हा, खाद्यान्न उठाव आदि के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एसडीएम निवास शकील खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

लोक अदालत में हुआ 86 करोड़ 86 लाख से अधिक का राजस्व संग्रह

भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित करो में समझौते के माध्यम से नगरीय निकायों को 86 करोड़ 86 लाख 29 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसमें नगर पालिक निगमों को 78 करोड़ 71 लाख 27 हजार, नगर पालिकाओं को 5 करोड़ 66 लाख 7 हजार और नगर परिषदों को 2 करोड़ 48 लाख 95 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। श्री सिंह ने कहा है कि इस राशि से नगरीय निकायों में जरूरी विकास कार्य करने में मदद मिलेगी। नगरीय निकायों को संपत्ति कर के 74 करोड़ 46 लाख 42 हजार, जल कर के 10 करोड़ 70 लाख 38 हजार और स्वच्छता कर के एक करोड़ 62 लाख 69 हजार रुपये प्राप्त हुए हैं।

इंदौर को 34 और भोपाल को 11 करोड़ मिले

राष्ट्रीय लोक अदालत में नगरीय निकाय इंदौर को 34 करोड़ 42 लाख 53 हजार, भोपाल को 11 करोड़ 43 लाख 55 हजार, ग्वालियर को 9 करोड़ 29 लाख 49 हजार, जबलपुर को 8 करोड़ 86 लाख 21 हजार, उज्जैन को 2 करोड़ 67 लाख 27 हजार, सतना को 3 करोड़ 62 लाख 21 हजार, खंडवा को एक करोड़ 75 लाख 70 हजार, देवास को 2 करोड़ 46 लाख 55 हजार, कटनी को एक करोड़ 44 लाख 77 हजार, रतलाम को 73 लाख 50 हजार, रीवा को 58 लाख 99 हजार , सागर को 45 लाख 39 हजार, बुरहानपुर को 41 लाख 86 हजार, सिंगरौली को 20 लाख 62 हजार, छिंदवाड़ा को 16 लाख 75 हजार और मुरैना को 15 लाख 88 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को आयोजित हुई थी।

ओव्हरलोड वाहन का 18 हजार जुर्माना

मंडला यशोः- ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्ध चैकिंग की कार्यवाही के तहत 8 सितंबर 2023 को मण्डला-नैनपुर मार्ग पर 21 वाहनों की जांच की गई, जिसमें वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, लायसेंस, मोटरयान कर एवं ओव्हर लोडिंग आदि की जांच की गई। चैकिंग के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 51 जेडए 7884 ओव्हरलोड संचालन करते पाया गया, जिस पर मोटरयान अधिनियम के तहत 18 हजार रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। चैकिंग में जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे, संभागीय परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी जे.पी. उइके एवं जिला परिवहन कार्यालय का स्टॅाफउपस्थित रहा।

साक्ष्य आधारित सामाजिक और आर्थिक विकास पर सम्मेलन 11 से 13 सितंबर तक

भोपाल। सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रभावी नीतियों को आकार देने वाले महत्वपूर्ण घटकों और डेटा संग्रह की स्थिति पर चर्चा करने के लिए ÷साक्ष्य आधारित सामाजिक और आर्थिक विकास÷ पर तीन दिवसीय सम्मेलन कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में 11 से 13 सितंबर तक होगा। इस बहुआयामी सम्मेलन का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान भोपाल द्वारा किया जा रहा है।

इस सम्मेलन की थीम 'नीतियों को परिणाम में बदलना' रखी गई है। इसका उद्देश्य सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए प्रभावी नीतियों को आकार देने में मजबूत साक्ष्य और विश्वसनीय डेटा की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डालना है। इस दौरान राज्य स्तर पर डेटा संग्रह और सांख्यिकीय क्षमताओं को मजबूत करना, सार्वजनिक डेटा तक पहुंच में सुधार करना और बच्चों की जरूरतों और लैंगिक समानता के प्रति उत्तरदायी सार्वजनिक वित्त प्रबंधन को बढ़ावा देना, जैसे विषय चर्चा में शामिल रहेंगे।

सुशासन संस्थान में 'मूल्यांकन एवं प्रभाव आकलन केन्द्र' की स्थापना

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा आरंभ किए जाने वाले इस नए केन्द्र से सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभाव का आंकलन करने में सहयोग मिलेगा। इस केन्द्र का उद्देश्य मध्य प्रदेश में मूल्यांकन की संस्कृति को बढ़ावा देना, रचनात्मक संवाद में शामिल होना और मूल्यांकन मानकों को बढ़ाना है। केंद्र सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करने और मूल्यांकन प्रक्रियाओं में सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करेगा।

नीतियों को परिणामों में बदलना - चाइल्ड और जेंडर के दृष्टिकोण से बजट बनाना''

कार्यशाला में मुख्यतः तीन पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। चाइल्ड एवं जेंडर बजटिंग के लिए संस्थागत तंत्र को स्थापित करना और दायरे के विस्तार के लिए विकल्प तलाशना, बच्चों और जेंडर विकास परिणामों के समर्थित और वास्तविक कार्यान्वयन के बीच अंतर को समाप्त करने के लिए रणनीतियाँ बनाना और बच्चों और जेंडर विकास परिणामों को वित्तपोषित करने के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण तंत्र को विकसित करना7 कार्यशाला के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ चाइल्ड और जेंडर विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए नीतिगत इरादे और वास्तविक परिणामों के बीच अंतर को पाटने की रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

मध्यप्रदेश में सांख्यिकीय प्रणाली के सुदृढ़ीकरण पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम

मध्य प्रदेश सरकार का आर्थिक और सांख्यिकी निदेशालय, सांख्यिकीय उपकरणों और आधुनिक पद्धतियों का उपयोग करने में अपने अधिकारियों और कर्मचारियों को सशक्त बनाने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम करेगा। इस पहल का उद्देश्य सूचित नीति निर्माण के लिए राज्य की सांख्यिकीय क्षमताओं को बढ़ाना है।

मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय डाटा विश्लेषिकी प्लेटफार्म (एन-डीएपी) एवं इसे उपयोग करने पर कार्यशाला (नीति आयोग, भारत सरकार के साथ) नीति आयोग के सहयोग से यह कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इसमें नीति आयोग के राष्ट्रीय डेटा और एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (एनडीएपी) और डेटा पहुंच और उपयोग में क्रांति लाने की इसकी क्षमता के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। यह सत्र मध्य प्रदेश डेटा और एनालिटिक्स प्लेटफ़ॉर्म (एमपी.डीएपी) बनाने के लिए एनडीएपी को अपनाने पर चर्चा करेगा।

साक्ष्य-आधारित सामाजिक और आर्थिक विकास पर होने वाला यह सम्मेलन समृद्ध भविष्य के लिए साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और हितधारकों को एक साथ लाएगा।

मतदान केन्द्रों पर हो रहा मतदाता सूची का वाचन

मंडला यशोः-आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता लाई जा रही है। इसी क्रम में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर विशेष केम्प लगाकर मतदाता सूचियों का वाचन किया जा रहा है। स्थानीय लोगों से जानकारी प्राप्त कर नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा मृत हो चुके अथवा बाहर जा चुके लोगों के नाम काटने की कार्यवाही की जा रही है। दोहरी प्रविष्टियों का सत्यापन कर उनके निराकरण किया जा रहा है। जिला, अनुविभाग एवं सेक्टर स्तर के अधिकारी सतत रूप से पुनरीक्षण कार्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मतदाता सूची का द्वितीय पुनरीक्षण 11 सितम्बर तक किया जाएगा जिसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने, काटने अथवा संशोधन की कार्यवाही की जा रही है।

नेशनल लोक अदालत संपन्न

मंडला यशोः- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 सितम्बर 2023 को सम्पूर्ण देश में नेशनल लोक आदालत आयोजित की गई। इसी तारतम्य में जिला मण्डला में जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एस0के0 जोशी के निर्देशन में एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी0आर0 कुमरे के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी प्रकार के राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल प्रकरण विद्युत प्रकरण, मोटर दुर्घटना, भरण-पोषण, चैक बाउन्स, श्रम, राजस्व (जिला न्यायालय एवं मान0 उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण) पारिवारिक वैवाहिक मामले न्यायालय के प्रकरणों के साथ-साथ, बैंक, नगरपालिका, विद्युत एवं बी0एस0एन0एल0 के प्रीलिटिगशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी0आर0 कुमरे ने बताया कि नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय मण्डला एवं तहसील न्यायालय नैनपुर, निवास, बिछिया में भी उक्त नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई है जिसमें सभी समझौते योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु 18 खंडपीठों का गठन किया गया है जिसमें आपसी सुलह के आधार पर राजीनामा किया गया। उन्होंने बताया कि इस बार की नेशनल लोक अदालत में प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंक के 3929 प्रकरणों में से 143 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 45 लाख 19 हजार 214 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई। विद्युत विभाग के 341 प्रकरणों में से 32 प्रकरण निराकृत हुये जिसमे 134357 रूपये की वसूली राशि प्राप्त हुई। न्यायालय के पेंडिंग केसेस में समझौता योग्य आपराधिक प्रकरणों के 142 में से 116 निराकृत। 138 एन0आई0 ऐक्ट के 62 प्रकरणों में से 35 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 4978000 राशि का अवार्ड पारित किया गया। एम0ए0सी0टी0 के 171 प्रकरणों में से 58 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 1 करोड़ 19 लाख 81 हजार रूपए का अवार्ड पारित किया गया। पारिवारिक विवाद के 25 प्रकरणों में से 14 प्रकरण निराकृत हुये। अन्य सिविल प्रकृति के 58 प्रकरणों में से 5 प्रकरण निराकृत हुये। इस प्रकार न्यायालय के पेंडिंग केसेस कुल 586 प्रकरणों में से 311 प्रकरण निराकृत किये गये तथा 1 करोड़ 93 लाख 67 हजार 298 रूपये का धनादेश पारित किया गया। इस लोक अदालत से कुल 637 लोग लाभांवित हुये।

रागी की फसल देखने श्यामलाल के खेत पहुँची कलेक्टर

मंडला यशोः- नारायणगंज प्रवास के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने ग्राम देवरीकला बबलिया में श्यामलाल के खेत जाकर श्रीअन्न रागी की फसल का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित कृषक से रागी की फसल के लिए आवश्यक मिट्टी, प्रशिक्षण, लागत, मार्केटिंग तथा मुनाफे आदि के संबंध में जानकारी ली। श्यामलाल ने बताया कि फसल रोपा पद्धति से एक एकड़ खेत में लगाई गई है जिसमें प्राकृतिक खाद जैसे जीवामृत, बीजाअमृत, दसपर्णी, नीमास्त आदि बनाकर रागी फसल पर प्रयोग किया जा रहा है। रागी फसल में कम लागत में ज्यादा मुनाफा है, इसमें अन्य फसलों के मुकाबले रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों को प्रयोग नहीं करना पड़ता है। एक एकड़ रकबे में 4 कि.ग्रा. रागी का बीज लगता है। कृषक द्वारा 10 गुणा 10 फिट की लंबाई चौड़ाई की नर्सरी में 2 कि.ग्रा. बीज डाला गया, जिसकी एक एकड़ एरिया में रोपाई की गई, जिसमें पौधे एवं कतार की दूरी 30 गुणा 10 सेंटीमीटर रखी गई जिससे रागी का उत्पादन एक एकड़ में 8 से 10 क्विंटल तक प्राप्त होता है। श्यामलाल ने बताया कि इस बार रागी फसल का जो उत्पादन प्राप्त होगा उसका बीज बनाकर ज्यादा से ज्यादा किसानों को फसल लगाने हेतु प्रेरित करेंगे। इस दौरान परियोजना संचालक आत्मा आरडी जाटव सहित संबंधित उपस्थित रहे।

विधानसभा आम निर्वाचन के नोडल अधिकारी की बैठक 11 को

मंडला यशोः-विधानसभा आम निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने के लिए विभिन्न कार्यों हेतु नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर कार्य सौंपा गया है। सौंपे गए कार्यों की समीक्षा के लिए 11 सितम्बर 2023 को टीएल के बाद जिला योजना भवन में बैठक आयोजित की गई है जिसमें समस्त तैयारी सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

मतदान बढ़ाने आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिले में स्वीप गतिविधियों का लगातार आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता लाई जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने ईव्हीएम, निर्वाचन आईकॉन, निर्वाचन सदन, संसद भवन आदि के लोकतंत्र से जुड़े प्रतीक चित्रों को ड्राईंग शीट पर उकेर कर निष्पक्ष और नैतिक मतदान का संदेश दिया। शनिवार को हुई चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन क्रं. 2 हायर सेकेंडरी स्कूल, रानी अवंती बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय हाईस्कूल बिंझिया सहित जिले की सभी शालाओं में किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट विद्यालय मंडला में विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों को पत्र लिखकर निष्पक्ष मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय प्रांगण में छात्र श्रृंखला बनाकर मतदान करने के लिए संदेश दिया गया। विद्यालय प्रांगण में मतदाता जागरूकता के लिए विशेष ले स भी लगाए गए हैं।

पुनरीक्षण कार्य का लिया जायजा, मतदाता सूची वाचन के दिए निर्देश

किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं रहे - डॉ. सिडाना

मंडला यशोः-कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने शनिवार को विकासखंड नारायणगंज के कोंडरा माल, चिरईडोंगरी, नारायणगंज, बीजेगांव, मानेगांव एवं बबलिया माल के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने संबंधित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर से मतदाता सूची के द्वितीय पुनरीक्षण के तहत की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी लेते हुए प्रत्येक परिवारों से संपर्क करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि 1 अक्टूबर 2023 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले प्रत्येक का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मृत हो चुके व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से काटने तथा स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित होने वाले व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। बीएलओ ग्राम में मतदाता सूची का वाचन करें, सूची के शुद्धिकरण में ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त करें। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए मतदाता सूची में अंकित नामों का रेंडम आधार पर सत्यापन किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, रैप तथा शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने भ्रमण के दौरान पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा संबंधी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए निर्वाचन के दौरान निर्भय होकर मतदान करने की अपील की।

जिले की सीमा पर संचालित चैकपोस्टों को प्रभावी बनाएं - डॉ. सिडाना

बैठक में कलेक्टर के निर्देश

मंडला यशोः- आगामी विधानसभा निर्वाचन के तहत कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने लाईन ऑर्डर से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि अंतर्राज्जीय एवं जिले की सीमा पर संचालित चैकपोस्टों को प्रभावी बनाएं। इस संबंध में आबकारी, पुलिस, वन, खनिज तथा परिवहन विभाग सहित अन्य संबंधित विभाग समन्वय करें। आवश्यकतानुसार सूचनाओं को साझा करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग चैकपोस्टों में रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाएं तथा सभी नाकाओं से प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त करें। उन्होंने चैकपोस्टों में सीसीटीव्ही कैमरा लगाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चैकपोस्टों में वाहनों की सघन जांच करें। ध्यान रखें जांच के दौरान यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा कि शराब के अवैध भंडारण, परिवहन पाए जाने पर संबंधित स्त्रोत पर भी कार्यवाही करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने नाका स्थापित करने, जांच की प्रक्रिया, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर को ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने रक्षा सूत्र बांधा

मंडला यशोः- ब्रह्माकुमारीज मण्डला के द्वारा 35 वीं वाहिनी, ग्वारा में रक्षाबंधन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में पुलिस सैनानी भ्राता विनोद कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर भ्राता आकाश पांडेय, भ्राता सतीश गर्ग, भ्राता दिनेश नागेश एवं अन्य पुलिस जवान भाई उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी ओमलता दीदी ने सभी को रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रहस्य बताया। साथ ही सभी को कहा कि स्व परिवर्तन से विश्व परिवर्तन होगा। इसलिए सभी अपने अन्दर परिवर्तन अवश्य करें। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने सभी को रक्षाबंधन कि शुभकामनाएं दीं और सभी को राजयोग के बारे में भी जानकारी दी, बताया कि हम सभी अपने को आत्मा समझकर बुद्धि को परमपिता परमात्मा से जोड़ते हैं, जिसे राजयोग कहते हैं। तनाव मुक्त जीवन जीने के लिए राजयोग को अपनाना चाहिए, राजयोग के माध्यम से हम प्रेम,सुख,शांति के साथ जीवन जी सकते हैं। इसके साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को मोटीवेट भी किया। इसके बाद सभी सभी पुलिस भाइयों को रक्षासूत्र बांधकर मुख मीठा कराया गया। इसके साथ कलेक्टर बहन सलोनी सिडाना को ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने रक्षा सूत्र बांधा।

विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मंडला यशोः- प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिये जिले में दो रथ भेजे गये हैं। ये रथ विभिन्न ग्रामों में जाकर लोगों को शासन की योजनाओं तथा विकास कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान करेंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने हरी झंडी दिखाकर इन रथों को रवाना किया। विकास रथों में एलईडी की व्यवस्था भी की गई है जिसके माध्यम से विभिन्न प्रकार के विकास कार्यों की लघु फिल्म भी दिखाई जायेगी। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, नगरपालिका सीएमओ गजानंद नाफ्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

पेंशन शिविर 11 से 22 सितंबर तक

मंडला यशोः- सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु 11 सितम्बर से 22 सितंबर 2023 तक जिला पेंशन कार्यालय मण्डला में पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को निर्देशित किया है कि शिविर में अपने कार्यालय में लंबित प्रकरण अगस्त 2023 तक के एवं पेंशन प्रकरणों में लगाई गई पूर्व आपत्ति का निराकरण कर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक लंबित पेंशन प्रकरण अनिवार्य रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

कलेक्टर ने किया ब्लडबैंक का निरीक्षण

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जिला चिकित्सालय में संचालित ब्लडबैंक का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने ब्लडबैंक भवन के रेनोवेशन कार्य का स्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ब्लडबैंक से प्रदाय की जाने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाएं। उपलब्ध मशीनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ब्लड की उपलब्धता के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। अनुपयोगी साम्रगी को नियमानुसार राईटऑफ करें। निरीक्षण के दौरान सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, सिविल सर्जन विजय धुर्वे सहित संबंधित उपस्थित रहे।

स्वीप शुभांकर 'कानू' तथा 'स्वीप लोगो' का विमोचन

आरडी कॉलेज में आयोजित हुआ नव मतदाता सम्मेलन

मण्डला यशोः- मतदाता जन जागरूकता गतिविधियों (स्वीप) के अंतर्गत रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना एवं एसपी रजत सकलेचा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वीप शुभंकर 'कानू', गतिविधि कैलेंडर तथा स्वीप लोगो का विमोचन किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी के लिए संविधान द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार प्रदान किया गया है। अच्छे नागरिक होने का फर्ज निभाएं, निर्धारित आयु पूरी होते ही अपना इपिक कार्ड जरूर बनवाएं और नैतिक मतदान कर अपने कर्तव्य का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिनके नाम अभी मतदाता सूची में नहीं जुड़े हैं। वे ऑनलाइन या बीएलओ के पास जाकर फॉर्म 6 के माध्यम से अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। कलेक्टर ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए कॉलेज में विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर एसपी रजत सकलेचा ने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल होते ही हमें लोकतंत्र में भागीदार होने का अधिकार मिलता है। उन्होंने कहा कि आप अपना जो भी कार्य कर रहे हैं, उसे मन लगाकर करें, जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें साथ ही इस बार वोट जरूर करें। श्री सकलेचा ने उपस्थित नव मतदाताओं से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के फॉरवर्ड मैसेज पर एकदम से भरोसा न करें, उसके तथ्यों की पड़ताल करें। उन्होंने युवाओं से अपडेट रहने के लिए नियमित रूप से अखबार पढ़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान नव मतदाताओं के मध्य खेलों की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कॉलेज के प्राचार्य विजेंद्र चौरसिया, अनिल गुप्ता, टीपी मिश्रा, कपिल तिवारी, मधु अली, रोहित बड़कुल सहित कॉलेज का स्टॉफ एवं नव मतदाता के रूप में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश से आये प्रवासी विधायक सुरेन्द्र चौधरी ने नगर भाजपा की ली बैठक

मण्डला विधानसभा की कोर कमेटी व नगर मण्डल की बैठक आयोजित

मण्डला यशोः- प्रवासी विधायक कार्यक्रम के तहत उत्तरप्रदेश के प्रयाग विधानसभा के विधायक श्री सुरेन्द्र चौधरी का मण्डला विधानसभा क्षेत्र में आगमन हुआ उन्होंने मण्डला विधानसभा क्षेत्र की कोर कमेटी की बैठक को संबोधित किया तत्पश्चात नगर भाजपा मण्डल की बैठक को संबोधन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब कल्याण के संकल्प के साथ देश और प्रदेश में सुशासन के नये कीर्तिमान गढ़ने का काम कर रही है, हर वर्ग का विकास होने से हम आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रहे हैं, महिला सशक्तिकरण का संकल्प भी पूरा हो रहा है, विधायक श्री चौधरी ने कहा कि विकास के लिए डबल इंजन की सरकार जरूरी है, ताकि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रगति की गति में तीव्रता रहेगी। केंद्र व राज्य की सरकार के कार्यो को लेकर हम जनता के पास जायें साथ ही विकास पर आधारित चर्चा निरंतर करें उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम आपस के मतभेद दूर कर संगठन कार्य में अपनी भूमिका निभायें कार्यकर्ता अपनी ताकत को समझें और उसका सदुपयोग करें तो निश्चित ही विधानसभा ओर लोकसभा में जीत सुनिश्चित होगी। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भीष्म द्विवेदी ने कोर कमेटी के सदस्यों का परिचय कराते हुए विधानसभा संचालन की तैयारियों से अवगत कराया इस अवसर पर विधायक श्री देवसिंह सैयाम, पूर्व विधायक डॉ शिवराज शाह, भगवती श्रीधर, विनोद कछवाहा, अंजनी तिवारी, मीना हरदहा, उमेश शुक्ला, पारस अखिल सिहारे, ओमवती उइके, अनुराग चौरसिया, सूर्यकांत जंघेला, वीरेन्द्र चंद्रोल, दिनेश रजक, प्रमोद श्रीवास, मथुरा यादव, सुदीप ब्रजपुरिया, आनंद खरया, मंजू कछवाहा, उमेश शुक्ला, राजेश जैन, राजेश पाठक, आशीष झारिया, पूरन ठाकुर, प्रवीर तिवारी, उपस्थित थे।

पटवारी संघ की हड़ताल पर पहुंचे विधायक

जिला - मण्डला
म.प्र. पटवारी सं
हार्दिक अभिनंदन

मंडला यशोः- जिले के पटवारी रानी दुर्गावती स्मारक के पास कई दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं पटवारी अपनी लंबित मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं जिसके समर्थन में निवास विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले पहुंचे और पटवारियों की मांग को जायज बताते हुये भाजपा सरकार पर तमाम आरोप लगाये हैं जिला अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी ने बताया कि पटवारी संघ अपनी लंबित मांगो को लेकर भोपाल में तिरंगा यात्रा भी निकाली थी। मांग पूरी नही होने पर पटवारी संघ अब सर्किट हाउस के सामने अनिश्चतकालीन हड़ताल पर है। मांग है कि मध्यप्रदेश में पटवारियों को वर्ष 1998 में निर्धारित किये गए वेतनमान के अनुसार ही वर्तमान वर्ष 2023 में वेतन दिया जा रहा है। विगत 25 वर्षों में प्रदेश के पटवारियों के वेतनमान में कोई वृद्धि नहीं की गई हैं जबकि पटवारियों से पूरे सेवाकाल में कार्य लेने वाले राजस्व विभाग एवं उसकी पद स्थापना वाले भू अभिलेख विभाग के सभी पदोन्नत पदों राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीदार, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख, तहसीलदार, अधीक्षक भू अभिलेखद्ध के वेतनमान में कई बार वृद्धि की गई। पटवारी वेतनमान पे ग्रेड 2800 हेतु वर्ष 2007 पटवारी महाअधिवेशन सनावद में घोषणा की गई थी।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझांवाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-
मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297